AIRBUS

Press Release

एयरबस हेलिकॉप्टर्स और इंडामर ने भारत में हेलिकॉप्टरों के रखरखाव के लिए मिलाया हाथ

#Airbus #Indamer #Helicopter #MRO #AirbusHelicopters #AatmaNirbharBharat

नागपुर, 08 दिसंबर, 2023: एयरबस हेलिकॉप्टर्स और इंडामर ने भारत में हेलिकॉप्टरों के लिए ऑफ्टर-मार्केट सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हाथ मिलाया है। इससे देश में रोटरी-विंग रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल (एमआरओ) तंत्र को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

एयरबस हेलिकॉप्टर्स की देखरेख में इंडामर मुंबई, नई दिल्ली और नागपुर में अपने संयंत्रों में एयरबस हेलिकॉप्टर्स के लिए रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल (एमआरओ) सेवाएं उपलब्ध कराएगी। नागपुर संयंत्र का उद्घाटन महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज रोमेन ट्राप, कार्यकारी उपाध्यक्ष, ग्राहक सहायता एवं सेवा, एयरबस हेलिकॉप्टर्स और प्रजय पटेल, निदेशक, इंडामर एविएशन प्राइवेट लिमिटेड की उपस्थिति में किया। इस मौके पर रेमी मय्या, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एयरबस इंडिया एवं दक्षिण एशिया और सनी गुगलानी, प्रमुख - हेलिकॉप्टर्स, एयरबस इंडिया एवं दक्षिण एशिया भी मौजूद रहे।

रोमेन ट्राप, कार्यकारी उपाध्यक्ष, ग्राहक सहायता एवं सेवा, एयरबस हेलिकॉप्टर्स ने कहा, *"भारत में स्थायी तौर पर संपूर्ण रोटरी-विंग विमानन तंत्र बनाना और उसे सहायता प्रदान करना एयरबस हेलिकॉप्टर्स के लिए महत्वपूर्ण है। इंडामर के साथ हमारे गठबंधन का उद्देश्य भारत में अपने बढ़ते बेड़े और आने वाली संभावनाओं के लिए सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ ऐसी तकनीकी क्षमता विकसित करना है जिससे भारत की एमआरओ महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।"*

प्रजय पटेल, निदेशक, इंडामर एविएशन ने कहा, *"लगभग एक दशक पहले इंडामर ने हेलिकॉप्टरों के लिए भारतीय ग्राहकों की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए अपना रोटरी-विंग एमआरओ डिवीज़न स्थापित करने का रणनीतिक निर्णय लिया था। एयरबस से मिली अनुमति इस उद्देश्य के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का ही परिणाम है। उचित समर्थन के साथ हमें इस बात का पूरा भरोसा है कि भारतीय ग्राहकों की रखरखाव संबंधी ज़रूरतों को घरेलू स्तर पर ही अच्छी तरह पूरा किया जा सकता है। इस साझा दृष्टिकोण को लेकर हम एयरबस के साथ हैं और उनकी अनुमति के लिए आभार प्रकट करते हैं।"*

इंडामर-एयरबस हेलिकॉप्टर्स एमआरओ से न सिर्फ भारत में बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में एयरबस हेलिकॉप्टर्स के ग्राहकों के लिए प्रभावी आफ्टर-मार्केट अनुभव तैयार करने और कम समय सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। एयरबस हेलिकॉप्टर्स की इंडामर के साथ यह साझेदारी, भारत में एयरबस के लगातार बढ़ते औद्योगिक प्रभाव की नई कड़ी है जो देश में परिपक्व, व्यापक एरोस्पेस तंत्र का आधार तैयार करने की कोशिश है। आज एयरबस के हर वाणिज्यिक विमान और हेलिकॉप्टर में ऐसी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी और पुर्जे हैं जिन्हें भारत में डिज़ाइन किया गया है, बनाया गया है और उनका रखरखाव भी भारत में ही किया जाता है।

इंडामर पहले से ही भारत में हेलिकॉप्टर्स के लिए सबसे बड़ा एमआरओ परिचालक है जो नागपुर, मुंबई, पुणे और नई दिल्ली जैसी कई जगहों पर मौजूद है। एयरबस घरेलू सिविल और पैरापब्लिक हेलिकॉप्टर बाज़ार में अग्रणी भूमिका में है। वर्ष 2010 से नई पंजीकृत डिलिवरी में से आधे से ज़्यादा हिस्सेदारी एयरबस की है। फिलहाल 125 से ज़्यादा एयरबस हेलिकॉप्टर्स भारत और दक्षिण एशिया में ऊर्जा, वाणिज्यिक और व्यावसायिक विमानन वर्ग के परिचालकों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इनमें एच125, एच130, एच145 और डॉफिन जैसे प्रमुख वैश्विक मंच शामिल हैं।

मीडिया संपर्कः

Neha Vij
Airbus India
neha.vij@airbus.com

Aaina Prakash
Airbus India
aaina.p@airbus.com

Follow us

If you wish to update your preferences to Airbus Communications, media@airbus.com
If you no longer wish to receive communications from Airbus, media@airbus.com